# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, Phone/Fax: 0612-2675933,2675935/2675934

पत्रांक : 5401/PDA **08/113/Tech/IDA/2023** दिनांक : 16/11/24

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

सेवा में,

**Sky Light Engineering & Construction**
S/o Rameshwar Prasad Gupta,
Flat No.- 3A, Sushila Residency,
Near Shiv Mandir, West Lohanipur,
Post+P.S – Kadamkuan,
Patna – 800003.
Email – skylightengicon@gmail.com
Whats app No.– 9326005323/9471215323

&

**Sky Light Engineering & Construction**
31F, 'C' Block, Road No.-10,
Rajendra Nagar,
Patna – 800016 (Bihar).

विषयः **Construction of Investors Facilitation Center at Industrial Area, New Bihta, Patna के कार्य के असंतोषजनक प्रगति के कारण एकरारनामा विखंडित करने के संबंध में।**

प्रसंगः प्राधिकार का पत्रांक 48/PDA दिनांक 02.01.2024, पत्रांक 234/PDA दिनांक 10.01.2024, पत्रांक 443/PDA दिनांक 23.01.2024, पत्रांक 1689/PDA दिनांक 20.03.2024, पत्रांक 1772/PDA दिनांक 23.03.2024, पत्रांक 2091/Tech दिनांक 13.04.2024, पत्रांक 2563/PDA दिनांक 21.05.2024, पत्रांक 2767/PDA दिनांक 04.06.2024, पत्रांक 3271/PDA दिनांक 26.06.2024, पत्रांक 3441/PDA दिनांक 03.07.2024, पत्रांक 3455/PDA दिनांक 04.07.2024, पत्रांक 3698/PDA दिनांक 19.07.2024, पत्रांक 4509/PDA दिनांक 04.09.2024, पत्रांक 5282/PDA दिनांक 30.10.2024, अधोहस्ताक्षरी का निरीक्षण प्रतिवेदन ज्ञापांक 676/PDA दिनांक 06.02.2024, ज्ञापांक 4225/PDA दिनांक 20.08.2024, ज्ञापांक 4471/PDA दिनांक 03.09.2024, ज्ञापांक 4964/PDA दिनांक 07.10.2024 सहायक अभियंता का पत्रांक Camp/Bihta दिनांक 18.07.2024, पत्रांक Camp/Bihta दिनांक 13.08.2024, प्रतिवेदन दिनांक 13.09.2024, प्रतिवेदन दिनांक 19.09.2024, प्रतिवेदन दिनांक 13.11.2024 तथा आपका पत्रांक SKY/010/2024 दिनांक 22.01.2024, पत्रांक SKY/011/2024 दिनांक 25.01.2024, पत्रांक SKY/042/2024 दिनांक 15.04.2024 एवं पत्रांक SKY/063/2024 दिनांक 10.07.2024, पत्रांक SKY/067/2024 दिनांक 27.07.2024, पत्रांक SKY/079/2024 दिनांक 29.08.2024, पत्रांक SKY/082/2024 दिनांक 09.09.2024 एवं पत्रांक SKY/090/2024 दिनांक 04.11.2024

O/c
C.P. upload on website.

महाशय

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का संदर्भ करें। विषयांकित परियोजना का कार्य आपको प्राधिकार के पत्रांक 6223/PDA दिनांक 07.11.2023 के द्वारा आवंटित किया गया है। एकरारनामा के अनुसार उपर्युक्त परियोजना के कार्य प्रारंभ की तिथि दिनांक 15.11.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक 14.04.2024 थी। कार्य समाप्ति की तिथि 7 माह का समय व्यतीत हो चुका है। किन्तु अभी तक मात्र लगभग 35% कार्य पूर्ण किया गया है। कार्य की प्रगति असंतोषजनक रहने एवं कार्य में तीव्रता लाकर कार्य को शीघ्रातीशीघ्र पूर्ण करने के संबंध में आपको कई बार स्मारित करने के बावजूद आपके द्वारा कार्य में वांछित प्रगति नहीं लाई गई है। विगत कई माह से कार्य की प्रगति अत्यंत मंद है। कार्य में वांछित प्रगति नहीं लाये जाने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के कारण आप पर आर्थिक दण्ड लगाये जाने की कार्रवाई एवं कार्य पूर्ण होने तक डिबार भी किया जा चुका है। किन्तु स्थिति यथावत् है। उक्त परियोजना को पूर्ण करने के लिए निम्नांकित कार्रवाई की गई :–

1. प्राधिकार के पत्रांक 234/PDA दिनांक 10.01.2024 के द्वारा प्रथम Milestone Achieve नहीं करने के कारण एकरारित राशि का 1% राशि Withheld किये जाने के संबंध में आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गई, जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/010/2024 दिनांक 22.01.2024 के माध्यम से कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए मानव बल और अन्य Resource लगा दिये जाने एवं समय से कार्य पूर्ण करने के लिए सुनिश्चित किये जाने के संबंध में सूचित किया गया, जब कि दिनांक 30.01.2024 एवं 02.02.2024 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यस्थल निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर कोई कार्यबल उपस्थित नहीं पाया गया, जिसकी सूचना आपको प्राधिकार के पत्रांक 676/PDA दिनांक 06.02.2024 के माध्यम से दी गई।

2. प्राधिकार के पत्रांक 443/PDA दिनांक 23.01.2024 के द्वारा कार्य की प्रगति समानुपातिक नहीं रहने के कारण निबंधन को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किये जाने हेतु स्पष्टीकरण पूछा गया जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/011/2024 दिनांक 25.01.2024 के माध्यम से कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए मानव बल और अन्य Resource लगा दिये जाने एवं समय से कार्य पूर्ण करने के लिए सुनिश्चित किये जाने के संबंध में सूचित किया गया, जो दिनांक 30.01.2024 एवं 02.02.2024 को कार्यस्थल निरीक्षण के दौरान भ्रामक एवं तथ्यहीन साबित हुआ।

3. प्राधिकार के पत्रांक 1689/PDA दिनांक 20.03.2024 के द्वारा प्रथम एवं द्वितीय Milestone Achieve नहीं करने के कारण एकरारित राशि का 2% का आर्थिक दण्ड अध्यारोपित किया गया एवं परियोजना में तीव्रता लाते हुए अतिशीघ्र परियोजना पूर्ण करने के संबंध में निदेशित किया गया। साथ ही प्राधिकार के पत्रांक 1772/PDA दिनांक 23.03.2024 के माध्यम से एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के लिए एकरारनामा को Rescind कर Security Deposit जब्त करते हुए निबंधन को कालीकृत सूची में डालने हेतु 07 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया। उक्त के प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/033/2024 दिनांक 25.03.2024 के माध्यम से कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए मानव बल और अन्य Resource लगाने के संबंध में सूचित किया गया। साथ ही निर्माण कार्य को तेजी से दिन–रात युद्ध स्तर पर कर काम को जल्द ही खत्म करने के संबंध में कहा गया, जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

4. परियोजना के निर्माण कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति एवं कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं एकरारनामा में निहित सुसंगत निदेशों का अनुपालन नहीं करने के कारण प्राधिकार के पत्रांक 2091/Tech दिनांक 13.04.2024 के माध्यम से एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के लिए अगले किसी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किये जाने के संबंध में 07 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया। उक्त के प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/042/2024 दिनांक 15.04.2024 के माध्यम से कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए मानव बल और अन्य Resource लगाने के संबंध में सूचित किया गया। साथ ही निर्माण कार्य को तेजी से दिन–रात युद्ध स्तर पर कर काम को जल्द ही खत्म करने के संबंध में कहा गया, जो भ्रामक एवं तथ्यहीन है।

5. प्राधिकार के पत्रांक 2091/Tech दिनांक 13.04.2024 के माध्यम से भवन का कार्य अब तक पूर्ण नहीं किये जाने, कार्य में अभिरूचि नहीं लिये जाने एवं एकरारनामा में निहित सुसंगत निदेशों का अनुपालन नहीं किये जाने के कारण कार्य निष्पादन में चूक एवं समानुपातिक कार्य प्रगति नहीं होने के कारण परियोजना के निर्माण कार्य पूर्ण करने तक अगले किसी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया गया।

6. प्राधिकार के पत्रांक 2563/PDA दिनांक 21.05.2024 के माध्यम से परियोजना के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाते हुए कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

7. प्राधिकार के पत्रांक 2767/PDA दिनांक 04.06.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लेने एवं वरीय पदाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के कारण एकरारनामा को विखण्डित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया। जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/054/2024 दिनांक 06.06.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य को तीव्र गति से किये जाने के संबंध में सूचित किया गया, जिसे भ्रामक एवं तथ्यहीन होने के कारण अमान्य किया गया।

8. प्राधिकार के पत्रांक 3271/PDA दिनांक 26.06.2024 के माध्यम से कार्य की प्रगति असंतोषजनक होने एवं कार्य पूर्ण करने में रूचि नहीं लेने के कारण आर्थिक दण्ड लगाये जाने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया। प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने के कारण प्राधिकार के पत्रांक 3441/PDA दिनांक 03.07.2024 के माध्यम से एकरारनामा की राशि का 2% राशि Withheld किया गया। साथ सचेत होकर कार्य में प्रगति लाते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निदेशिल किया गया।

9. प्राधिकार के पत्रांक 3455/PDA दिनांक 04.07.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लेने एवं वरीय पदाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के कारण एकरारनामा को विखण्डितं करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया। जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/063/2024 दिनांक 10.07.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य को तीव्र गति से किये जाने एवं जल्द से जल्द पूरा करने के संबंध में सूचित किया गया, जो वास्तविकता में भ्रामक एवं तथ्यहीन साबित हुआ।

10. पुनः प्राधिकार के पत्रांक 3698/PDA दिनांक 19.07.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लेने, कार्य को लगभग 2 माह से बन्द रखने एवं निर्देशों की अवहेलना के कारण एकरारनामा को विखण्डित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया। जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/067/2024 दिनांक 27.07.2024 के माध्यम से पुनः निर्माण कार्य को तीव्र गति से किये जाने एवं इसे जल्द से जल्द पूरा कर दिये जाने के संबंध में मिथ्या सूचना दी गई। दिनांक 14.08.2024 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यस्थल निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर कोई श्रमबल एवं निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं पाया गया। इस संबंध में आपको प्राधिकार पत्रांक 4225/PDA दिनांक 20.08.2024 के माध्यम से स्मारित किया गया। जिसके प्रत्युत्तर में पत्रांक SKY/079/2024 दिनांक 29.08.2024 के माध्यम से पुनः आपके द्वारा निर्माण कार्य तीव्र गति से कराये जाने के संबंध में सूचित किया गया, जिसे अधोहस्क्षरी के द्वारा दिनांक 30.08.2024 को कार्यस्थल निरीक्षण के दौरान भ्रामक, मिथ्या एवं तथ्यहीन पाया गया। कार्यस्थल पर कोई श्रमबल एवं निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं था।

11. पुनः प्राधिकार के पत्रांक 4509/PDA दिनांक 04.09.2024 के माध्यम से अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लेने, निर्माण कार्य की प्रति के संबंध में भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करने एवं निर्देशों की अवहेलना के कारण एकरारनामा को विखण्डित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया। जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/082/2024 दिनांक 09.09.2024 के माध्यम से निर्माण कार्य को तीव्र गति से किये जाने के संबंध में सूचित किया गया। जब कि परियोजना के सहायक अभियंता द्वारा दिनांक 13.09.2024 को निर्माण सामग्री एवं मात्र तीन कार्यबल उपस्थित रहने के संबंध में प्रतिवेदित किया गया। साथ ही इस गति से कार्य पूरा होने में संशय प्रकट किया गया।

12. दिनांक 01.10.2024 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यस्थल निरीक्षण के दौरान परियोजना में Lintel Level तक का Brick Work एवं छत ढलाई के लिए Steel Reinforcement का कार्य पाया गया। Steel Reinforcement को Drawing के Specification के अनुसार Binding नहीं पाये जाने के कारण आपके प्रतिनिधि को Drawing के Specification के अनुसार कार्य कराने हेतु निदेशित किया गया। उक्त तिथि को भी कोई श्रमबल उपस्थित नहीं पाया गया।

13. अभी तक कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य में रूचि नहीं लेने, निर्माण कार्य को Drawing एवं Specification के अनुसार कराये जाने एवं निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करने एवं निर्देशों की अवहेलना के कारण अंतिम रूप से प्राधिकार के पत्रांक 5282/PDA दिनांक 30.10.2024 के माध्यम से एकरारनामा को विखण्डित करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया। जिसके प्रत्युत्तर में आपके द्वारा पत्रांक SKY/090/2024 दिनांक 04.11.2024 के माध्यम से छत की ढलाई एक सप्ताह के अंदर कर दिये जाने के संबंध में सूचित किया गया, किन्तु 12 दिन के उपरांत भी स्थिति यथावत् है।

14. कार्य के सहायक अभियंता द्वारा भी दिनांक 13.11.2024 को कार्य के असंतोषजनक प्रगति एवं श्रमबल की अनुपस्थिति एवं वर्त्तमान गति कार्य पूरा किया जाने के संबंध में संशय प्रकट किया गया है।

15. दिनांक 16.11.2024 को भी अधोहस्ताक्षरी एवं कनीय अभियंता (असैनिक) के द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया, जिसमें कार्य पूरी तरह से बन्द पाया गया।

इस प्रकार आपके द्वारा यह प्रतिवेदित करना कि निर्माण कार्य को तीव्र गति से कराया जा रहा है और उसे जल्द से जल्द पूरा कर देंगे, मिथ्या प्रतीत होता है। पूर्व में भी प्राधिकार द्वारा कार्य के संबंध में पूछे गये स्पष्टीकरण के प्रत्युत्तर में आपके द्वारा इसी तरह के मिथ्या आश्वासन दिया गया, जब कि वास्तविकता मे कार्य की प्रगति अपेक्षित नहीं पाई गई।

अतः उपर्युक्त वस्तुस्थिति के आलोक में अभी तक परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने, कार्य की असंतोषजनक प्रगति रहने, कार्य में अरूचि लेने, निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में भ्रामक एवं मिथ्या तथ्य प्रस्तुत करने एवं निदेशो की अवहेलना के आलोक में एकरारनामा के निहित कंडिका Clause-3 के आलोक में आपके एकरारनामा को Rescind (विखण्डित) किया जाता है एवं सुरक्षित जमा राशि **(Performance Guarantee एवं Security Deposit) को जब्त किया जाता है।**

विश्वासभाजन

16.11.24

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

ज्ञापांक : 5401/PDA दिनांक : 16/11/24

प्रतिलिपि : निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन) / निदेशक (वित्त), आई0डी0ए0 को सादर सूचनार्थ समर्पित।

16.11.24

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

ज्ञापांक : 5401/PDA दिनांक : 16/11/24

प्रतिलिपि : सहायक अभियंता (तकनीकी) / कनीय अभियंता (असैनिक), आई0डी0ए0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.11.24

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, Phone/Fax: 0612-2675933

## शुद्धि–पत्र

प्राधिकार के निर्गत पत्रांक **5401/PDA** दिनांक **16.11.2024** के कंडिका 5 में पत्रांक 2091/Tech. दिनांक 13.04.2024 के स्थान पर इसे **2264/PDA** दिनांक **26.04.2024** समझा जाय।

अन्य यथावत् रहेंगे।

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0) 03.01.25

ज्ञापांक : 39/PDA 08/113/Tech/IDA/2023 दिनांक : 03/01/2025
प्रतिलिपि : **Sky Light Engineering & Construction,** S/o Rameshwar Prasad Gupta, Flat No.-3A, Sushila Residency, Near Shiv Mandir, West Lohanipur, Post+P.S – Kadamkuan, Patna – 800003, Email – skylightengicon@gmail.com

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0) 03.01.25

ज्ञापांक : 39/PDA 08/113/Tech/IDA/2023 दिनांक : 03/01/2025
प्रतिलिपि : वरीय विधि पदाधिकारी, आई0डी0ए0 को सूचनार्थ प्रेषित।

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0) 03.01.25

ज्ञापांक : 39/PDA 08/113/Tech/IDA/2023 दिनांक : 03/01/2025
प्रतिलिपि : कम्प्यूटर प्रोग्रामर, आई0डी0ए0 को आई0डी0ए0 के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0) 03.01.25